Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 31-07-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title : Need to construct toilets for the people living Below Poverty Line in the Country.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले और पूरे भारत में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हो रहे हैं, जिस कारण से आम लोगों को खुले में शौच करने से जो हवा लगती थी और उनका स्वास्थ्य सही रहता था, लेकिन अब यह सब बंद हो गया है और शौच के लिए जगह नहीं है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करूंगा कि वह गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों के लिए शौचालय के निर्माण के लिए पांच सौ करोड़ रूपये प्रति राज्य के हिसाब से दे।

महोदय, 900 से 1500 रूपये प्रति शौचायल की दर से पैसे दिए गए हैं। जहां बड़े-बड़े लोगों और अफसरों के शौचालयों के निर्माण के लिए 25000 से 30000 रूपये तक खर्च आता है तो क्या गरीब आदमी केवल 1200 रूपये में एक शौचालय बना सकता है? एक शौचालय 3600 रूपये में बनता है।

मेरी आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग है कि वह 3600 रूपये प्रति शौचालय के हिसाब से बनाने के लिए फण्ड की व्यवस्था करे और छत्तीसगढ़ सरकार को 500 करोड़ रूपये की राशि इस मद में आवंटित की जाए।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस पर गम्भीरतापूर्वक और तुरन्त कार्यवाही करे।

MR. SPEAKER: This matter is very important. It should be taken up.